हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 6 सितंबर 2025

सीहोर | भैरुंदा | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

06 गणेश पंडालों में हुई महाआरती, भक्त नम...



07 प्रसूती विंग के औचक निरीक्षण में सीएमएचओ...



## खबर संक्षेप

### राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष प्रो वीरेन्द्र कुमार मल्होत्रा 17 को आष्टा में

**सीहोर।** राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष प्रो वीरेन्द्र कुमार मल्होत्रा 17 सितंबर 2025 को सीहोर जिले के आष्टा पहुंचेंगे। इसके पश्चात वे प्रातः 10 से 1:30 बजे तक आष्टा ब्लाक में लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली, पूरक पोषण आहार कार्यक्रम, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (मध्यान्ह भोजन) एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजनाओं का निरीक्षण करेंगे एवं दोपहर 3 बजे जिला मुख्यालय में इन योजनाओं की समीक्षा भी करेंगे।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना आवेदन की अंतिम तिथि 18 सितंबर

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार शैक्षणिक सत्र 2024-25 एवं 2025-26 के अंतर्गत विमुक्त घुमन्तु और अर्द्ध घुमन्तु समुदाय के विद्यार्थियों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के ऑफलाइन नवीन आवेदन प्रारंभ हो गए है, जिसकी अंतिम तिथि 18 सितंबर 2025 है।

### बीजों के विक्रेता को लायसेंस लेना अनिवार्य

**सीहोर।** औषधीय फसलों एवं सब्जी, मसाला, पुष्प के बीजों का व्यापार करने वाले व्यापारी को उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लिये बिना विक्रय नहीं किया जा सकता है। बीजों के व्यापार करने के लिये विक्रेता उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लेना अनिवार्य किया गया है। बिना बीज लायसेंस के व्यापार करते पाये जाने पर विक्रेताओं के विरूद्ध बीज अधिनियम-1966 एवं बीज नियंत्रण आदेश 1983 में उल्लेखित प्रावधान अनुसार वैधानिक कार्यवाही की जायेगी, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदेही सम्बन्धित निजी बीज विक्रेता की रहेगी।

### रोजगार मेला 9 सितंबर को लगेगा

**सीहोर।** युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 9 सितंबर को सीहोर स्थित डॉ. अम्बेडकर शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रातः 11 बजे रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा। इस रोजगार मेले में रोजगार विभाग द्वारा स्थानीय, प्रदेश एवं अन्य राज्यों की कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। रोजगार मेले में विभिन्न कंपनियों द्वारा लगभग 700 पदों पर युवाओं की भर्ती की जाएगी। इसके साथ ही जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा स्वरोजगार विभागों के स्वरोजगार प्राप्त हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा एवं नये प्रकरण तैयार किए जाएंगे।

# पूर्वजों की नाराजगी ही बनती है हमारी परेशानी का कारण पितृपक्ष में श्राद्ध, तर्पण और विशेष पूजा कर पाएं उनकी कृपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भागम भरी जिंदगी में हर व्यक्ति किसी न किसी कारण से परेशान है। इस परेशानी को दूर करने के लिए व्यक्ति यहां-वहां देवीधाम करते हैं, लेकिन वास्तव में व्यक्ति की परेशानी की असली वजह नाराज पूर्वज होते हैं।

पूर्वजों की पूजा अर्चना न करना की वजह से वह नाराज होते हैं और हमारी परेशानियों का कारण बनते हैं। लेकिन 7 सितंबर से शुरू होने वाले पितृपक्ष में अपने पूर्वजों की पूजा अर्चना करें, जिससे उनकी कृपा बरस सकें।

बालाजी ज्योतिष अनुसंधान एवं परामर्श केंद्र के ज्योतिषाचार्य पंडित सौरभ गणेश शर्मा के अनुसार इन 15 दिनों में दिवंगत पूर्वजों की आत्मा की शांति और सम्मान के लिए श्राद्ध, तर्पण और विशेष पूजा की जाती है। पितृपक्ष में कुछ नियमों का पालन करना अत्यंत आवश्यक माना गया है।

### यह बिल्कुल भी न करें

तामसिक भोजनः पितृ पक्ष में भूलकर भी मांस और शराब का सेवन नहीं करना चाहिए।

शुभ कार्यः विवाह, मुंडन, गृह प्रवेश या किसी नए व्यवसाय की शुरुआत जैसे कोई भी शुभ कार्य नहीं करना चाहिए।

व्यक्तिगत देखभालः पितृ पक्ष के 15 दिनों में बाल और नाखून काटने से बचना चाहिए।

नई वस्तुएंः नए कपड़े, गहने या अन्य कोई नई वस्तु नहीं खरीदनी चाहिए।

लड़ाई-झगड़ाः इस दौरान किसी से भी बहस या झगड़ा करने से बचें।



### श्राद्ध पक्ष में इन बातों का रखें ध्यान

**प्रतिदिन तर्पणः** स्नान के बाद दक्षिण दिशा की ओर मुख करके पितरों को जल अर्पित करें। जल में काले तिल और जौ मिलाकर अर्घ्य दें।

**मंत्र जापः** तर्पण करते समय गायत्री मंत्र या पितृ मंत्र का जाप करें। यह पितरों को तृप्त करने का एक प्रभावी उपाय है।

**पिंडदान और भोजनः** श्राद्ध में पिंडदान करना और ब्राह्मणों को भोजन कराना जरूरी होता है। यदि ब्राह्मण उपलब्ध न हों तो भोजन किसी जरूरतमंद व्यक्ति या गाय को खिलाया जा सकता है।

**सात्विक भोजनः** श्राद्ध का भोजन पूरी तरह से सात्विक, शुद्ध और बिना लहसुन प्याज का होना चाहिए।

**दान-पुण्यः** इस दौरान अन्नए वस्त्रए जूते और अन्य आवश्यक वस्तुओं का दान करना बहुत शुभ माना जाता है।

### श्राद्ध पक्ष की तिथियां


पूर्णिमा श्राद्धः 7 सितंबर, रविवार
प्रतिपदा श्राद्धः 8 सितंबर, सोमवार
द्वितीया श्राद्धः 9 सितंबर, मंगलवार
तृतीया व चतुर्थी श्राद्धः 10 सितंबर, बुधवार
पञ्चमी श्राद्ध व महा भरणीः 11 सितंबर, गुरुवार
षष्ठी श्राद्धः 12 सितंबर, शुक्रवार
सप्तमी श्राद्धः 13 सितंबर, शनिवार
अष्टमी श्राद्धः 14 सितंबर, रविवार
नवमी श्राद्धः 15 सितंबर, सोमवार
दशमी श्राद्धः 16 सितंबर, मंगलवार
एकादशी श्राद्धः 17 सितंबर, बुधवार
द्वादशी श्राद्धः 18 सितंबर, गुरुवार
त्रयोदशी श्राद्ध व मघा श्राद्धः 19 सितंबर, शुक्रवार
चतुर्दशी श्राद्धः 20 सितंबर, शनिवार
सर्वपितृ अमावस्याः 21 सितंबर, रविवार

## सिविल सर्जन के गैर जिम्मेदारी पूर्ण रवैए से अस्पताल में डॉक्टरों से लेकर स्टाफ की चल रही मनमानी

# ये तो हद ही हो गई...जिला अस्पताल में चल रहे कैमरे, लेकिन उन पर निगरानी रखने वाला कोई नहीं!

सीहोर जिला अस्पताल में लापरवाही की हद हो गई है। इलाज से लेकर सुरक्षा तक सब भगवान भरोसे। कैमरों की निगरानी कंट्रोल रूम पुलिस चौकी में है, जबकि जिम्मेदारी अस्पताल प्रबंधन की है, लेकिन अस्पताल प्रबंधन का तो मानो कोई लेना देना ही नहीं है।



सीहोर। जिला अस्पताल में इस तरह से पुलिस चौकी में लगा है अस्पताल का सीसीटीवी कंट्रोल रूम।




सीहोर। जिला अस्पताल में इस तरह से पुलिस चौकी में लगा है अस्पताल का सीसीटीवी कंट्रोल रूम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला अस्पताल का हाल अब भगवान भरोसे चल रहा है। इलाज में लापरवाही, स्टाफ की मनमानी और अब सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठ खड़े हो गए हैं। यहां इलाज कराने आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को हर रोज किसी न किसी असुविधा का सामना करना पड़ता है। हैरानी की बात यह है कि अस्पताल में लगाए गए सीसीटीवी कैमरे भी अब सही निगरानी से वंचित हैं। करोड़ों की लागत से लगाए गए कैमरे केवल दिखावे की वस्तु बनकर रह गए हैं। अस्पताल परिसर में किसी भी अनहोनी से निपटने और सुरक्षा व्यवस्था के लिए कैमरे लगाए गए थे। कैमरे तो चालू हैं, लेकिन उनकी निगरानी का कोई जिम्मेदार अधिकारी नहीं है। कैमरों का कंट्रोल रूम अस्पताल की चौकी में लगाया गया है, जबकि यह सिविल सर्जन के कक्ष में होना चाहिए था। पुलिस चौकी में लगे इन कैमरों का न तो पुलिसकर्मी उपयोग कर रहे हैं और न ही अस्पताल प्रशासन। पुलिसकर्मी खुद कहते हैं कि यह जिम्मेदारी सिविल सर्जन या अस्पताल प्रबंधन की है। ऐसे में कैमरे सिर्फ चल रहे हैं, लेकिन उन पर निगरानी रखने वाला कोई नहीं। इसके चलते आए दिन अस्पताल में मरीजों की फजीहत हो रही है, लेकिन कोई सुनने तैयार नहीं है।

### सिविल सर्जन का गैर जिम्मेदारी पूर्ण रवैया

सूत्रों के मुताबिक जिला अस्पताल के सिविल सर्जन प्रवीर गुप्ता महज नाम के अधिकारी बनकर रह गए हैं। अस्पताल के संचालन और प्रबंधन को लेकर उनमें कोई गंभीरता नहीं दिखती। डॉक्टर इलाज की बजाय अपनी मनमर्जी से काम कर रहे हैं और कर्मचारी भी बिना रोकटोक मनचाहा रवैया अपना रहे हैं। कोई कब आता है और कब जाता है, इसका कोई हिसाब-किताब नहीं है। सिविल सर्जन की इस उदासीनता ने पूरे अस्पताल का माहौल बिगाड़ दिया है।

### कलेक्टर की सख्ती, फिर भी पटरी पर नहीं लौट पाई व्यवस्था

करीब दो माह पहले कलेक्टर बालागुरू के ने जब अचानक जिला अस्पताल का निरीक्षण किया था, तो उस समय सिविल सर्जन प्रवीर गुप्ता अस्पताल से गायब मिले। यह बात कलेक्टर को बेहद नागवार गुजरी। उन्होंने सख्त रुख अपनाते हुए सिविल सर्जन के कक्ष से कैमरों का कंट्रोल रूम हटवाकर पुलिस चौकी में लगवा दिया। इतना ही नहीं, उनके कक्ष में ताला तक जड़वा दिया गया। बाद में सिविल सर्जन ने निजी तौर पर कलेक्टर से माफी मांगी, जिसके बाद मामला शांत तो हो गया लेकिन अस्पताल की व्यवस्था फिर भी पटरी पर नहीं लौट पाई।

### मरीजों की परेशानी

आज हालात यह हैं कि जिला अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीज खुद को ठगा हुआ महसूस करते हैं। डॉक्टर समय पर मौजूद नहीं रहते, दवाइयों की व्यवस्था अस्त-व्यस्त है और ऊपर से सुरक्षा व्यवस्था भी भगवान भरोसे छोड़ दी गई है। कैमरों की निगरानी का कोई जिम्मेदार नहीं होने से अस्पताल में अव्यवस्था और बढ़ गई है। जिला प्रशासन की चुप्पी और सिविल सर्जन की लापरवाही से जनता में गहरा आक्रोश है। लोग सवाल कर रहे हैं कि आखिर कब तक सीहोर जिला अस्पताल में मरीज और उनके परिजन असुविधाओं का बोझ उठाते रहेंगे। इस संबंध में सिविल सर्जन से बात करना चाही पर उनसे संपर्क नहीं हो सका।

### चौकी में निगरानी यूनिट लगाई है

पहले सिविल सर्जन के कक्ष में निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। सिविल सर्जन 24 घंटे निगरानी नहीं रख पाते थे, इस लिए अब पुलिस चौकी में निगरानी के लिए यूनिट लगाई गई है।

**सुधीर डेहरिया,** सीएमओ

## बिजली कंपनी ने मनोज और मुकेश गोस्वामी पर 30-30 हजार का जुर्माना लगाया

**सीहोर।** मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड सीहोर ने बिजली चोरी के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। विशेष न्यायालय सीहोर में सुनवाई के बाद न्यायाधीश एम.के. वर्मा ने दो आरोपियों मनोज गोस्वामी और मुकेश गोस्वामी को दोषी पाया। न्यायालय ने दोनों आरोपियों पर 30-30 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। इसके साथ ही 500-500 रुपए का अतिरिक्त जुर्माना भी लगाया गया है। अदालत ने साफ कहा कि यदि दोनों आरोपी जुर्माना जमा नहीं करते हैं तो उन्हें साधारण कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी। यह मामला 16 नवंबर 2021 का है। उस दिन कंपनी के सतर्कता विभाग (विजिलेंस) के अधिकारी पंकज सिंह महाप्रबंधक ने ग्राम डोबरा के बीजोरी वितरण केंद्र क्षेत्र में जांच की थी। जांच के दौरान आरोपियों की कृषि भूमि पर अवैध तरीके से बिजली का उपयोग किया जाना पाया गया। विद्युत चोरी पकड़े जाने के बाद कंपनी ने दोनों आरोपियों पर 32,738 रुपए की राशि अलग-अलग अधिरोपित की थी। इस प्रकरण को विशेष न्यायालय सीहोर में कंपनी के प्रभारी अधिकारी अमित कुमार उपमहाप्रबंधक और अधिवक्ता संजय पटेल द्वारा प्रस्तुत किया गया। कंपनी का कहना है कि बिजली चोरी न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि इससे बिजली वितरण व्यवस्था पर भी भारी असर पड़ता है। कंपनी ने आम लोगों से अपील की है कि वे अवैध कनेक्शन या बिजली चोरी से दूर रहें।

### 5 रुपए में नवीन विद्युत कनेक्शन

**सीहोर।** विद्युत वितरण कंपनी कार्यक्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को अब मात्र 5 रुपये में नवीन घरेलू कनेक्शन उपलब्ध कराना शुरू कर दिया है। कंपनी ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले उपभोक्ताओं को अब केवल 5 रूपये में नवीन विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। यह नया घरेलू कनेक्शन उन लोगों को मिलेगा जो कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के घरेलू फीडर से नियमानुसार कनेक्शन लेने की पात्रता रखते हैं।

## क्रेन और नाव के माध्यम से होगा प्रतिमाओं का विसर्जन

# अनंत चतुर्दशी आज, टाउन हॉल-सीवन नदी घाट पर होगा प्रतिमाओं का विसर्जन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

दस दिनों तक चले गणेश उत्सव का समापन आज अनंत चतुर्दशी के साथ हो रहा है। अनंत चतुर्दशी पर प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए जिला प्रशासन व नगर पालिका प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की है। शहर के टाउन हाल पर विजर्सन कुंड बनाया गया है, जहां क्रेन के माध्यम से बड़ी प्रतिमाओं का विसर्जन होगा, जबकि नाव के सहारे छोटी प्रतिमाएं विसर्जित होंगी।बता दें शहर में स्थापित 500 से अधिक छोटी-बड़ी गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन आज 6 सितंबर को शुरू होकर 7 सितंबर तक चलेगा। नगर पालिका ने गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए शहर के टाउन हॉल पर विसर्जन कुंड बनाए गए हैं, जहां प्रतिमाओं को विसर्जित किया जाएगा। बड़ी प्रतिमाओं के लिए क्रेन की व्यवस्था भी की गई है, ताकि प्रतिमाओं को सुरक्षित ढंग से विसर्जित किया जा सके साथ ही नपा कर्मचारी भी नाव के साथ विसर्जन कुंड में मौजूद रहेंगे।

### सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम

विसर्जन के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए पुलिस प्रशासन ने भी तैयारी की है। शहर के सभी प्रमुख विसर्जन स्थलों टाउन हॉल, सीवन नदी घाट, हनुमान फाटक, चद्दरपुल और शहर के बाहर जमोनिया तालाब व पार्वती नदी पर पुलिस बल तैनात किया गया है। कलेक्टर बालागुरु के. और पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने खुद टाउन हॉल का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### पार्वती नदी-जमोनिया तालाब पर भी विसर्जन

शहर में टाउन हॉल के अलावा भक्तगण प्रतिमाओं का विसर्जन सीवन नदी घाट, कस्बा स्थित हनुमान फाटक और चद्दरपुल पर भी करते हैं। कई समितियों द्वारा जमोनिया तालाब और पार्वती नदी में विसर्जन किया जाएगा। देर रात तक विसर्जन करने वालों की सुविधा के लिए सभी विसर्जन स्थलों पर विशेष लाइटिंग की व्यवस्था की गई है, जिससे किसी परेशानी का सामना करना पड़े।

## शिक्षक दिवस पर कलेक्टर की सख्तीः शिक्षकों को सम्मान के बदले मिली चेतावनी




**सीहोर।** शिक्षक दिवस के अवसर पर जहां एक ओर जिले में शिक्षकों का सम्मान किया जा रहा था, वहीं दूसरी ओर कलेक्टर बालागुरु के. ने शिक्षा विभाग की गतिविधियों की समीक्षा कर अधिकारियों और शिक्षकों को कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने ई.अटेंडेंस दर्ज न करने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई करने और ड्रॉपआउट बच्चों की संख्या कम करने के लिए दिशा निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन शिक्षकों और प्राचार्यो ने ई.अटेंडेंस दर्ज नहीं की है, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। उन्होंने इस प्रक्रिया की नियमित निगरानी के लिए फ्लाइंग स्क्वाड बनाने के लिए भी कहा। कलेक्टर बालागुरू ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह सुनिश्चित करना शिक्षा विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है कि सभी शिक्षक अपने कर्तव्यों का पालन ईमानदारी से करें।

**ड्रॉपआउट बच्चों को दोबारा स्कूल से जोड़ें :** कलेक्टर ने ड्रॉपआउट बच्चों की बढ़ती संख्या पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे ऐसे बच्चों को चिन्हित कर उन्हें वापस पढ़ाई से जोडऩे के लिए हर संभव प्रयास करें।

कलेक्टर बालागुरू ने कहा कि शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है और कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। कलेक्टर ने ड्रॉपआउट की समस्या को कम करने के लिए कार्ययोजना बनाकर काम करने और नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ. नेहा जैन ने भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके अलावा कलेक्टर ने पुस्तक वितरण, साइकिल वितरण और छात्रवृत्ति जैसी योजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए भी कहा। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर और डीपीसी रमेश राम उईके सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### झांकियों के साथ अखाड़ों का किया जाएगा भव्य स्वागत और सम्मान

**सीहोर।** सीहोर अनन्तुर्दशी चल समारोह को लेकर छावनी युवा शक्ति संगठन के द्वारा इस वर्ष प्रथम बार सर्वसहमति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष स्थानीय खजांची लाईन चौराहे पर भव्य मंच लगाया जावेगा और झाँकियों के उस्तादों, अखाड़ों के खलिफाओं, अखाड़ों में हेरत अंगेज करतब दिखाने वाले पहलवानों का शील्ड, मेडल व प्रोत्साहन राशि प्रदान कर सम्मान किया जावेगा एवं चलसमारोह में शहर सहित ग्रामीण आंचलों से पधारे अतिथियों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जावेगा। इस मौके तुषार सोनी (बाटा भाई) ने अनन्तचतुर्दशी भव्य चलसमारोह में शहर सहित ग्रामीण आंचल के नागरिकों, माताओं-बहनों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील करते हुए कहा कि हमारे सिद्धपुर सीहोर में सदियों से चली आ रही हमारी प्राचीन परम्परा को समरसता के साथ निभाने के लिये अनन्तचतुर्दशी चल समारोह धीरे-धीरे अपने पुनः इतिहास की ओर लोट रहा है। अब सीहोर के समस्त अखाड़ों एवं झाँकी संचालकों द्वारा आकर्षक व दिव्य झाँकियां निकाली जावेगी जो कि सभी दर्शकों का मन मौह लेगी, वहीं आखाड़ों के पहलवानों द्वारा हेरत अगेंज करतब दिखाये जायेगें, जिसमें मातृ शक्ति की भी अहम भूमिका रहेगी।

### सुख समृध्दि व पूणे जल वृद्धि यज्ञ का हुआ समापन आयोजित

**सीहोर।** आर्य समाज छावनी शहर सीहोर एवं लोक जनकल्याण परिषद सीहोर के द्वारा वैदिक सिद्धांत वेद मंत्रों द्वारा प्राणी मात्र की सुख समृद्धि एवं पूर्ण जलवृष्टि हेतु दिनांक 14 अगस्त 2025 से यज्ञ हवन किया जा रहा था। ईश्वर की कृपा से जलवृष्टि प्रारंभ हो गई। यज्ञ का समापन दिनांक 5 सितम्बर 2025 को किया गया। समापन अवसर पर कमलेश आर्य ने कहा कि यज्ञ हवन करने से विश्व का कल्याण तो होता ही है, साथ ही जीवन में सुधार आता है। वेद मंत्रों द्वारा यज्ञ करने से मनुष्य के जीवन में सकारात्मक विचार उत्पन्न होते हैं और ऐसा व्यक्ति ऊचाईयों को छूता हुआ आगे की ओर बढ़ता चला जाता है। जैसे हम हवन कुण्ड में अग्नि प्रज्वलित करते हैं और अग्नि ऊपर की ओर उठती है, वैसे ही वैदिक सिद्धांत से जो व्यक्ति यज्ञ करता है और अन्य जनहितेशी कार्य करता है ईश्वर उसे सफल करता है और उस व्यक्ति के विचार भाषाशैली भी उत्कृष्ट होती है। वर्तमान समय में देखने व सुनने में आ रहा है कि हमारे द्वारा विधायिका में चुनकर भेजे गये जनप्रतिनिधि निकृष्ट भाषा का उपयोग कर रहे हैं, जो कि राष्ट्रहित में अच्छा नही है। आर्य ने आगे कहा कि जिस देश की संस्कृति सभ्यता दूषित हो जाती वह राष्ट्र स्वतः ही नष्ट होकर गर्त में समा जाता है।

### श्रद्धालुजन ढोल-नगाड़ों के साथ आज करेंगे भगवान गणेश की प्रतिमा विसर्जित

# गणेश पंडालों में हुई महाआरती, भक्त नम आंखों के साथ बप्पा को देंगे विदाई

### सुरक्षा व्यवस्था को देखने एसडीएम ने किया निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहेंगे पुलिसकर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

शहर में दस दिवसीय गणेश उत्सव हर्षोल्लास, धूमधाम के साथ मनाया गया। शुक्रवार को कई पंडालों में भगवान श्रीगणेश को छप्पन भोग अर्पित कर महाआरती का आयोजन किया गया। आज गणेश पंडालों में हवन पूजन के साथ कन्यभोज के गणेश उत्सव का समापन होंगा।

भैरूंदा शहर में दस दिवसीय गणेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आज श्रद्धालुओं डोल नगाड़ों जुलूस के साथ नम आंखों से भगवान श्रीगणेश को बिदाई देने। शुक्रवार को कई गणेश पंडालों में महाआरती का आयोजन कर भगवान श्रीगणेश को छप्पन भोग लगाए। इसी कड़ी में आज ऋषि बेली कॉलोनी की समिति द्वारा भगवान श्रीगणेश को छप्पन भोग लगाकर महाआरती का आयोजन किया बड़ी संख्या श्रद्धालुओं इस आरती में शामिल हुए। वहीं आज हवन पूजन कर डोल नगाड़ों और नम आंखों के साथ विसर्जन करेंगे। एसडीएम ने गणेश विसर्जन स्थानों का किया निरीक्षण] दिए दिशा निर्देश : अनंत चतुर्दशी पर गणेश विसर्जन को लेकर बीते दिन एसडीएम सुधीर कुशवाहा ने निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीओपी रोशन कुमार जैन, तहसीलदार संदीप गौर, सीएमओ राम प्रसाद भावरे, थाना प्रभारी घनश्याम सिंह दांगी ने गणेश विसर्जन करने नांदगांव नदी पर पहुंचे और मौका मुआयना कर वहीं एसडीएम ने सभी अधिकारी और पुलिस प्रशासन को सुरक्षा व्यवस्था बनाने को लेकर दिशा निर्देश दिए। वहीं गणेश विसर्जन करने नदी के आस पास पुख्ता इंतजार करने के निर्देश दिए। गणेश विसर्जन करने के दौरान श्रद्धालुओ को किसी भी प्रकार की आसुविधा न हो। नगर परिषद् व पुलिस प्रशासन ने तैयारियां पूरी हो गई। सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजार के साथ ही पुलिस प्रशासन भी एलर्ट है। वहीं गणेश विसर्जन को लेकर नगर परिषद् भैरुंदा द्वारा नांदगांव की अंबर नदी के पास कुंड तैयार किया बिजली व्यवस्था अन्य सुविधाओं बनाई गई।





**भैरुंदा।** ऋषि बेली कॉलोनी में बिराजमान भगवान श्रीगणेश

नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु गणेश विसर्जन करने पहुंचेंगे। बड़ी गणेश प्रतिमा का विसर्जन करने बड़ी हाइड्रा क्रेन मशीन की व्यवस्था की गई है। जिससे बड़ी प्रतिमाएं आसानी से विसर्जन कर सके।

#### तहसील में कई स्थानों पर गणेश विसर्जन की व्यवस्था की

भैरूंदा थाना क्षेत्र में नांदगांव की अंबर नदी, पड़ागांव की सीप नदी, छिदगांव काछी की कोलार नदी सहित लाडकुई के लोधड़ी गांव की सीप नदी में इन स्थानों पर गणेश बिसर्जन की व्यवस्था बनाई गई है। वहीं इन सभी स्थानों पर थाना भैरुंदा की पुलिस सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहेंगी। गोपालपुर थाना अंतर्गत इन स्थानों पर गणेश बिसर्जन को लेकर व्यवस्था की गई है। छीपानेर, गोपालपुर, मगरिया सीप नदी, घोघरा डेम पड़ागांव सीप नदी पर बड़ी संख्या में लोग गणेश बिसर्जन करने पहुंचेंगे। इसी को लेकर गोपालपुर थाना पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर इन सभी स्थानों पर पुलिसकर्मी की तैनाती की है।

#### नर्मदा नदी में पूर्ण रूप से प्रतिबंध विसर्जन

स्थानीय व पुलिस प्रशासन ने गणेश विसर्जन को लेकर सहायक नदी पर कुंड तैयार कर व्यवस्थाबनाई गई है। वहीं प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की वे नर्मदा नदी में गणेश विसर्जन न करे। प्रशासन के साथ सुरक्षा व्यवस्था बनाने में सहयोग करे। नर्मदा घाट पर पुलिस प्रशासन की तैनाती रहेंगी वहीं पुलिस की टीम लगातार गस्त कर नज़र रखेगी।

## मैजिक ऑटो की चपेट में आने से 3 बच्चियां घायल



**बुधनी।** शुक्रवार शाम भोपाल की ओर से आ रहे मैजिक ऑटो चालक ने तहसील कार्यालय के सामने तीन बच्चियों को अपनी चपेट में ले लिया इनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ऑटो क्रमांक एमपी 04 एलडी 3713 के चालक ने वाहन को तेज गति से चलते हुए तीन बच्चियों को टक्कर मार दी और काफी दूर तक उन्हें घसीट ले गया उसके बाद सड़क किनारे खड़ी हुई कार में टक्कर मार दी इस दौरान मौके पर काफी भीड़ जमा हो गई और ड्राइवर को पकड़ लिया एवं पुलिस को सूचना दी गई घटना में नंदिनी राजपूत पुत्री संतोष राजपूत उम्र 15 वर्ष,समीक्षा चौहान पुत्री हीरालाल 18 वर्ष,नीलम यादव पुत्री विजय यादव उम्र 16 वर्ष को चोटें आई हैं इनमें से दो बच्चियों की हालत गंभीर होने पर सिविल अस्पताल से नर्मदा पुरम रेफर किया गया परंतु एंबुलेंस उपलब्ध नहीं होने के कारण उन्हें निजी वाहन से नर्मदा पुरम पहुंचाया गया है। स्थानीय नागरिक रूप सिंह ने बताया कि सिविल अस्पताल का भवन तो बड़ा बना दिया गया है लेकिन व्यवस्थाएं चौपट हैं इसी तरह घायल नंदिनी राजपूत के पिता ने बताया कि एंबुलेंस के इंतजार में घंटे भर से अस्पताल के गेट पर खड़े हैं लेकिन यहां कोई व्यवस्था नहीं है।

## जगदगुरु पंडित अजय पुरोहित ने कहा-निःस्वार्थ मित्रता कृष्ण-सुदामा जैसी



**सीहोर।** ग्राम छतरपुर में जारी सात दिवसीय भागवत कथा के अंतिम दिवस भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर जगदगुरु पंडित अजय पुरोहित ने कहाकि मित्रता हो तो श्रीकृष्ण सुदामा जैसी। यह कलयुग में मित्रता का अनूठा उदाहरण है। जिसमें सच्चा मित्र वहीं है, जो अपने मित्र का मुसीबत में साथ दे। कथा श्रवण कर श्रोता भाव विभोर हो गए। कथा के समापन के पूर्व भगवान की आरती की गई। कथा में श्रद्धालु जम कर नाचे। महाआरती के बाद समापन हुआ।

शुक्रवार को कथा के अंतिम दिवस जगद गुरु पंडित श्री पुरोहित ने भगवान श्री कृष्ण के जीवन से शिक्षा लेने की बात कही। उन्होंने कहा भगवान श्री कृष्ण का जीवन ही संघर्ष पूर्ण रहा उन्होंने जन्म से लेकर जीवन पर्यंत कठिन समस्याओं का सामना किया। सबके साथ रहते हुए भी निर्लिप्त रहे और योगेश्वर कहलाए। कथा में भगवान के विभिन्न लीलाओं से सीख लेने और जीवन में उतरने की सलाह दी।

#### भगवान कृष्ण और उद्धव के सुंदर प्रसंग

कथा के अंतिम दिवस उन्होंने भगवान कृष्ण और उद्धव के सुंदर प्रसंग का वर्णन किया। इसे सुनकर सभी श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। एक समय भगवान श्री कृष्ण उदास बैठे थे, तभी उनके मित्र व परम भक्त उद्धव जी उनके पास आए और उनसे पूछा कि हे वासुदेव ऐसी कौन सी बात है, जिससे आप उदास हैं। तब श्री कृष्ण ने कहा कि हमें गोपियों की याद सता रही है। आप गोकुल जाओ और गोपियों को समझाओ कि कृष्ण जल्द गोकुल लौटेंगे। जब उद्धव ने गोपियों से श्रीकृष्ण प्रेम मोह छोड़ने की बात कही तो गोपियों ने कहा कि जिसे प्रेम का ज्ञान नहीं, वह ज्ञानी नहीं हो सकता। गोपियों का श्रीकृष्ण के प्रति प्रेम देख उद्धव का अभिमान चूर चूर हो गया।

### ईद मिलादुन्नबी पर धूमधाम से निकला जुलूस



**बुधनी।** मुस्लिम समुदाय ने शुक्रवार को पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद के जन्मदिन ईद मिलादुन्नबी का पर्व धूमधाम और भाईचारे की भावना के साथ मनाया। इस अवसर पर नगर में जुलूस निकाला गया, जो रेलवे स्टेशन से शुरू होकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए माना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 12,13 और 14 तक पहुंचा। जुलूस में मुस्लिम समाज के लोग धार्मिक झंडे,तिरंगा और नारे के साथ आगे बढ़े, वहीं हिंदू-मुस्लिम एकता का अनोखा नज़ारा भी देखने को मिला कई हिंदू समाज के लोगों ने जुलूस में शामिल हुए और कौमी एकता की मिसाल पेश की जुलूस के दौरान पुलिस प्रशासन सतर्क नजर आया एसडीओपी,नगर निरीक्षक सहित कई पुलिस कर्मियों ने सुरक्षा व्यवस्था संभाली और वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित किया, जिससे यातायात सुचारू बना रहा।

## शिक्षक दिवस पर छात्रों ने शिक्षकों का सम्मान कर दीं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

**भैरुंदा।** नगर की जे. व्ही. एम. हायर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षक दिवस मनाया गया। सर्व प्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना मुख्य अतिथि थाना प्रभारी घनश्याम सिंह दांगी, पूजा राजपूत एस. आई., बीआरसी विजय सिंह पंवार के द्वारा पूजा करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस दौरानकार्यक्रम में मां सरस्वती की वंदना एवं स्वागत गीत के साथ कार्यक्रम शुरू किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी इस दौरान छात्रों ने ग्रुप डांस ड्रामा स्पीच शिक्षक समर्पित गीत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया । संस्था के प्राचार्य आर . एस.शर्मा ने शिक्षक दिवस के महत्व को समझाया । विद्यालय के संचालक मनोहर सिंह पवार ने डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डाला उनसे प्रेरणा लेकर देश का अच्छा नागरिक बनने की बात कही और अतिथियों का स्वागत सम्मान कर स्मृति चिन्ह साल श्रीफल देकर एवं शिक्षकों को सम्मानित किया गया।




### अविरल भक्ति परमात्मा से मिलने का माध्यमः पंडित प्रदीप मिश्रा

**सीहोर।** आपकी अविरल भक्ति आपको परमात्मा के करीब ले जाती है, ईश्वर हमारा हमें अच्छे विचारों से और सादगी के साथ कर्म करने से प्राप्त होता है, माला फेरत जुग भया, फिरा न मन का फेर। कर का मनका डार दे। कबीर की तरह भक्ति करना चाहिए। भगवान की पूजा जितने भाव से होगी, भगवान उतना शीघ्र प्रसन्न होंगे। आपको कोई कितना समझाए, क्यो शंकर के मंदिर जाते हो। बेल पत्र क्यो चढ़ाते हो, व्रत क्यो करते हो, एक कान से सुनना और दूसरे कान से निकाल देना। भगवान की भक्ति को, कृष्ण, राम औ महादेव की भक्ति को किसी के कहने से मत छोड़ना। हम शिव के हैं शिव हमारे है। शिव सबका है, जो पूजेगा उसका शिव है। उक्त विचार शहर के बड़ा बाजार बाजार स्थित अग्रवाल पंचायती भवन में जारी सात दिवसीय भागवत कथा के पांचवे दिवस पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे। इस मौके पर शुक्रवार को आस्था और उत्साह के साथ नंद उत्सव मनाया गया और गोवर्धन पूजन की गई। वहीं शनिवार को रुकमणी विवाह एवं तुलसी विवाह महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहाकि जब तक शिव की कृपा नहीं होती करुणा नहीं होती जब तक भक्ति प्राप्त नहीं होती। शिव हमारा रोम रोम है। शिव हमारी धडकन में है, शिव हमारी दृष्टि है। जिसके बिना हम शून्य है। जब तक जीवित हो जब तक श्वांस चल रही है जब हमारे शिव हमारी धडकन में चल रहे हैं। यह श्वांस रूपी शिव है तो शरीर है। श्वास रूपी शरीर चले गए तो यह शरीर नहीं रहा यह शव बन गया। शिव है प्रथम और शिव ही है अंतिम। शिव है सनातन धर्म का परम कारण और कार्य। शिव है धर्म की जड़। शिव से ही धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष है। सभी जगत शिव की ही शरण में है, जो शिव के प्रति शरणागत नहीं है वह प्राणी दुख के गहरे गर्त में डूबता जाता है ऐसा पुराण कहते हैं। जाने-अनजाने शिव का अपमान करने वाले को प्रकृति कभी क्षमा नहीं करती है। शिव और शक्ति को प्राप्त करने के लिए हमारी प्रार्थना ही हमको इसके पास लाती है। प्रत्येक जीव को संचालित करने वाली शक्ति व आत्मा परमात्मा का अंश है। आत्मा का परमात्मा से मिलना ही मानव जीवन का उद्देश्य है। इसके लिए सर्वप्रथम आत्मा को जानना होगा। आत्मा का प्रत्येक अनुभव करने के लिए पश्चात ही परमात्मा से मिलन संभव है।



## शिक्षकों का सम्मान...



**सीहोर।** शिक्षक दिवस के अवसर पर महाराष्ट्र समाज सीहोर में समाज की शिक्षिकाओं का सम्मान समाज के अध्यक्ष विजय जोशी, सचिव सुनील भालेराव ओर विवेक मोड़े द्वारा किया गया।

### ग्राम जानपुर बावड़िया मगरखेड़ा,रायपुरा में किया लोकार्पण और भूमिपूजन

# 'जनता की सेवा ही मेरा लक्ष्य' विधायक राय ने करोड़ों के विकास कार्यों की दी सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

लोकार्पण भूमिपूजन कार्यक्रमों में शुक्रवार को मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए विधायक सुदेश राय ने ग्रामीणों के मध्य कहा कि जनता की सेवा ही मेरा लक्ष्य है प्रत्येक गांव मेरा घर परिवार है जनहित से जुड़े अबतक पांच हजार करोड़ के निर्माण कार्य विधानसभा के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में हो चुके है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सहित विभागीय मंत्रियों के सहयोग से हर पंचायत हर गांव में भविष्य में भी अरबों रूपये के निर्माण कार्य कराए जाएंगे।

जनप्रतिनिधियों के द्वारा आयोजित कार्यक्रमों के दौरान विधायक सुदेश राय ने जानपुर बावडिया मगरखेडा,रायपुरा के ग्रामीणों को करोड़ों रूपये लागत के निर्माण कार्यो की बड़ी सौगात दी और अनेक निर्माण कार्यो का लोकार्पण किया। श्यामपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय ठाकुर,दोराहा मंडल अध्यक्ष सुरेश विश्वकर्मा जानपुर बावडिया की सरपंच पार्वती द्वारका प्रसाद,मगरखेड़ा सरपंच उमेश कुमार, रायपुरा सरपंच इमरत लाल और ग्रामवासियों ने विधायक सुदेश राय का पुष्प मालाऐं पहनाकर स्वागत सत्कार किया। कार्यक्रम में विधायक सुदेश राय ने कहा कि जानपुर बावडिया में 2 करोड़ 40 लाख रुपये लागत की परियोजना 33/11 केवी विद्युत सब स्टेशन से क्षेत्र में उत्पन्न होने वाली बिजली कटौती समस्या का निराकरण हो जाएगा। मंदिरों के बाहर निर्मित होने वाले टीनशेडों का भी लाभ श्रद्धालुओं के साथ समस्त जनमानस को मिलेगा।



विधायक सुदेश राय ने जानपुर बावडिया में 2.40 करोड़ रुपये लागत की परियोजना 33/11 केवी विद्युत सब स्टेशन का लोकार्पण किया। मगरखेडा में 5 लाख रुपये से बने श्री हनुमान मंदिर के पास टीनशेड का लोकार्पण किया। रायपुरा में 37 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले पंचायत भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन किया।

रायपुरा में ही 5 लाख रूपये से बने माता मंदिर के टीनशेड, 4 लाख रूपये से बने हरदौल लाला मंदिर टीनशेड और एक लाख पांच हजार से बने राममंदिर चबुतरे का लोकार्पण कर ग्रामवासियों को समर्पित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय भाजपा नेता कार्यकर्ता और सरपंच पंच ग्रामीणजन मौजूद रहे।

**स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी : सीहोर।** वर्षा ऋतु में होने वाली जलजनित बीमारियों के दृष्टिगत स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और दूषित जल से होने वाले रोगों से बचाव के लिए सावधानियाँ अपनाएँ। स्वास्थ्य विभाग द्वारा शुद्ध जल का उपयोग करने एवं जलजनित रोगों से सुरक्षा के लिए सलाह दी गई है। दूषित पानी के सेवन से उल्टी-दस्त, पेचिश, हैजा, पीलिया और टाइफाइड जैसी बीमारियों की संभावना बढ़ जाती है।

### खग्रास चंद्र ग्रहण में प्राचीन सिद्धि विनायक गणेश के मंदिर के दर्शन रहेंगे बंद

**सीहोर।** पेशवा कालीन स्वयंभू श्री सिद्धि विनायक गणेश मंदिर सीहोर की मुख्य पीठाधीश्वर डॉ.चारु चंद्रा व्यास ने जानकारी देते हुए कहा कि दिनांक 7 सितंबर 2025 को चंद्र ग्रहण लग रहा है। जिसका सूतककाल दिन में 12:58 बजे पर लगेगा। शास्त्रीय मर्यादा का पालन करते हुए भगवान गणेश जी पट दिन के 12 बजे मंगल हो जाएगा। जिसमें कोई भी भक्त दर्शन का लाभ नहीं ले पायेंगे। साथ ही पुजारी प्रबंधकगण मंदिर में रहकर जाप अनुष्ठान करेंगे। गृहणकाल पूर्ण होने पर मंदिर की शुद्धता पश्चात सभी भक्तों को 8 तारीख को ही दर्शन प्राप्त हो पाएगे। मंदिर के नियमित समय अनुसार। साथ ही गुरु दीदी ने प्रदेश के सभी मंदिरों को भी उक्त समयाविध में बंद रहने का आग्रह भी किया।



# नियम विरुद्ध हुई अनुकंपा नियुक्ति पर नपे दीपक बाबू

## प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर हुई कार्रवाई




ब्यावरा। बार्डबाय के पद पर नियम विरूद्ध की गई अनुकम्पा नियुक्ति के चलते सहायक ग्रेड-2 स्थापना शाखा के बाबू दीपक विजयवर्गीय को प्रथम दृष्टया दोषी पाये जाने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की गई है। दीपक विजयवर्गीय को स्थापना से तत्काल हटाकर अन्य कार्य आवंटित करने का आदेश क्षेत्रीय संचालक द्वारा जारी किया गया है। हरीभूमि ने दिलीप सोलंकी की गलत नियुक्ति का समाचार प्रमुखता से प्रकाशित किया था। उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य विभाग में सेवारत केशरसिंह की सेवा में रहते हुए 22 जनवरी 2009 में मृत्यू हो जाने के बाद उनके पुत्र दिलीप सिंह की नियुक्ति 25 मई 2016 को जीएनएमटीसी राजगढ़ में बार्डबाय के पद पर की गई। इसमें हैरत की बात तो यह है कि जीएनएमटीसी में बार्डबाय का पद स्वीकृत ही नहीं था फिर कैसे नियुक्ति हो गई? जबकि शासन के स्वीकृत आदेश 16 जुलाई 2014 में संस्था में भृत्य के पद जरूर स्वीकृत थे जिस पर नियुक्ति हो सकती थी परंतु जानबूझकर बाबू दीपक विजयवर्गीय द्वारा बार्डबाय की नियुक्ति क्यों दी गई यह जांच का विषय था। हालांकि इसकी शिकायत संबंधित ने विभाग के उच्च अधिकारियों सहित कमिश्नर तक कई बार पहुंचाई गई तब कहीं जाकर

### गणित विषय को सरल बनाने शिक्षक ने किया क्विज का निर्माण, जिले भर के सरकारी स्कूलों में किया जा रहा उपयोग

# बेटियों को शिक्षित किया तो बदल गई गांव की तस्वीर, 18 वर्षों से रुका बेटियों का बाल विवाह







हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

शिक्षक की ऊर्जा शिक्षा के रूप में जब स्थानीय ग्रामवासियों एवं स्कूल के विद्यार्थीयों तक सही रूप में पहुंचने लगे तो वह कई तरह से बदलाव का रूप लेती है और गांवों में वर्षों से चले आ रहे रूढीवादी विचारों पर भारी पडने लगती है। कुछ ऐसा ही हुआ है विकास खण्ड राजगढ के शासकीय स्कूल पाडल्याखेडी मे जहां 18 वर्षों से कार्यरत शिक्षक मुकेश नागर ने न केवल स्कूल की तस्वीर बदली दी बल्कि गांव में चली आ रही बच्चियों के बाल विवाह जैसी कुरीती पर भी रोक लगाने में सफलता पाई है। पिछले 18 सालों में यहां से किसी बेटी का बाल विवाह नहीं हुआ इस पर शिक्षक मुकेश बताते है कि यह स्थितियां पहले बिल्कुल विपरीत थी इनमें 2007 के बाद से धीरे धीरे बदलाव संभव हुआ है। हमने ग्रामीणों को पहले बच्चों को शिक्षित करने के बारे में समझाया खासकर बेटियों को। इसमें कई बार हमें परेशानियों का सामना भी करना पडा परंतु अंततः आज हमें गर्व है हमारे शासकीय स्कूल की बेटियां शत-प्रतिशत पढाई कर अपने भविष्य का निर्माण कर रही है। आज ग्रामीण अपनी बेटियों पर गर्व करते है और इसका श्रेय शिक्षक नागर को देते है। जिन्होने ग्रामीणों को एक नई दिशा दी।

### विद्यार्थियों की समस्या को सरल करने बनाया गणित क्विज

*जहां शिक्षक नागर ने एक ओर सामाजिक बदलाव के लिए पहल की वहीं गणित संकाय में एमएससी होने के कारण उन्होने 10वी कक्षा के विद्यार्थीयों के लिए गणित का क्विज प्रोग्राम बना डाला,जिसमें विद्यार्थीयों को प्रत्येक चेपटर व बोर्ड में अंको के विवरण सहित ऑब्जेक्वि प्रश्न तैयार किए गए है जो हमेशा अपडेट होते रहते है। इससे जहां शासकीय हाईस्कूल पाडल्याखेडी के विद्यार्थीयों को लाभ मिल रहा है वहीं जिले भर के कई सरकारी स्कूलों ने इस क्विज से विद्यार्थीयों को समझाया जा रहा है जिसे शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने भी सराहा है।*

### सीएमएचओ ने अधीनस्थों को प्रदान किए आवश्यक दिशा निर्देश

# प्रसूती विंग के औचक निरीक्षण में सीएमएचओ को मिली कई खामियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल ने गुरुवार को जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की साफ-सफाई व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया और मरीजों से मिलकर उनका हालचाल जाना।

निरीक्षण के दौरान मेटरनिटी वार्ड में पहुंचीं सीएमएचओ ने प्रत्येक मरीज की केस शीट देखी और उन्हें दिए जा रहे उपचार की जानकारी ली। डीपीएम शिखा सरावगी ने महिलाओं के टीकाकरण कार्ड में पाई गई कमियों पर संबंधित कर्मचारी को तुरंत बुलाया। इसके अलावा एक गर्भवती महिला का 8 महीने तक पंजीयन नहीं होने पर संबंधित आशा कार्यकर्ता को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए सीएमएचओ ने कहा कि



ऐसी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान डॉ. पटेल ने भर्ती मरीजों से उनके उपचार और देखभाल के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मरीजों से कहा कि यदि कोई कर्मचारी पैसे की मांग करता है तो इसकी शिकायत तुरंत उच्च अधिकारियों से की जा सकती है।

### अधीनस्थों को दिए आवश्यक निर्देश

सीएमएचओ डॉ. पटेल ने सिविल सर्जन डॉ. नितिन पटेल को अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे मरीजों के साथ मधुर और सहयोगात्मक रवैया अपनाएं। डॉ. पटेल ने कहा कि मरीजों को बेहतर इलाज के साथ-साथ भावनात्मक सहयोग भी मिलना चाहिए। यह निरीक्षण यह सुनिश्चित करने के लिए किया गया कि सरकारी स्वास्थ्य सेवाएं जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंच सकें और उन्हें किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर आरएमओ डॉ अमित कोहली, डॉ मनीषा मित्तल और स्वास्थ कर्मचारी मौजूद थे।

# सीमेंट सप्लाई के नाम पर राजगढ़ के ठेकेदार से पौने 2 लाख की ठगी

## पीड़ित ठेकेदार ने कोतवाली थाने में दर्ज करवाई शिकायत




हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

जिले में साइबर क्राइम के मामले लगातार बढ़ते ही जा रहे हैं। पुलिस एवं प्रशासन द्वारा सायबर ठगों से सावधान रहने की लाख समझाईस एवं जागरुकता के बाद भी लोग बदमाशों के झांसे में आकर लाखों रुपए गवां रहे हैं।

ताजा मामले में राजगढ़ के एक ठेकेदार से सीमेंट सप्लाई के नाम पर एक कंपनी द्वारा 1 लाख 66 हजार रुपए ट्रांसफर करवा लिए गए। जब ठेकेदार को माल नहीं मिला और उसने बैंक जाकर संपर्क किया तो मालूम हुआ कि जिस खाते में राशि ट्रांसफर हुई है वो किसी कंपनी का नहीं बल्कि निजी व्यक्ति का खाता था जिसमें अब जीरो बेलेंस नजर आ रहा है।

### क्या है पूरा मामला?

राजगढ़ के ए-क्लास कांटेक्टर संजय विजयवर्गीय नर्सिंग कॉलेज भवन निर्माण कार्य कर रहे हैं। सीमेंट की आवश्यकता लगने पर श्री विजयवर्गीय ने गूगल पर मायसेम सीमेंट सर्च करके एक नंबर लिया। उस नंबर पर बात करने पर कॉल रिसीव करने वाले ने कहा कि आपके पास डिस्ट्रीब्यूटर का फोन आएगा, उन्हें पूरी डिटेल बता दीजिएगा। कुछ समय बाद एक अन्य नंबर से कॉल आया जिस पर ठेकेदार विजयवर्गीय ने बात करते हुए सीमेंट के 640 बैग का आर्डर देकर सामने वाले द्वारा बताए गए बैंक एकाउन्ट में 1 लाख 66 हजार 400 रुपए आरटीजीएस के माध्यम से ट्रांसफर कर दिए। राशि भेजने के बाद भी जब माल की डिलेवरी नहीं हुई तो श्री विजयवर्गीय ने पुनः उसी नंबर पर संपर्क किया तो उधर से जवाब आया कि आपको सीमेंट के 360 बैग और आर्डर करके पेमेंट करना होगा तब माल मिल पाएगा। अब श्री विजयवर्गीय को अपनी साथ हुई धोखाघड़ी का आभार हुआ। उन्होंने जब जाकर पता किया तो मालूम हुआ कि जिस खाते में राशि जारी की गई वह मायसेम कंपनी नहीं बल्कि किसी दरोगा मांझी के नाम का खाता है, जिसमें बेलेंस शून्य है। सायबर ठग के हाथों लुटे-पिटे विजयवर्गीय ने कोतवाली थाने में इस संबंध में शिकायत दर्ज करवाई है।

# झुलसे युवक की इलाज के दौरान मौत पेट्रोल डालकर आग लगाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना



चाचौड़ा थाना क्षेत्र में झुलसे युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई है। आरोप है कि थाना परिसर के पीछे रहने वाले आरक्षक ने उसे पेट्रोल डालकर आग लगा दी थी, जिसके बाद पूरे इलाके में आक्रोश फैल गया। पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चांचौड़ा थाना क्षेत्र में हुए इस जघन्य घटना में पीड़ित चंदन गुर्जर, निवासी ग्राम कुलंबेह, ने बताया था कि कुछ माह पहले उसके मित्र मांगीलाल गुर्जर ने लंकेश वामन नामक व्यक्ति से सोना खरीदा था, जो बाद में नकली निकला। इसके बाद उसके विजय सुरेन्द्र भील नामक आरक्षक से संपर्क हुआ, जिन्होंने कार्रवाई का भरोसा देकर एक लाख रुपये मांगे। चंदन ने गेहूं बेचकर वह राशि दी, लेकिन न तो पैसे वापस मिले और न ही कोई कार्रवाई हुई। रविवार को जब वह पैसे मांगने सुरेन्द्र के घर पहुंचा, तो विवाद बढ़ा ।उसने आरोप लगाया कि सुरेन्द्र ने पेट्रोल डालकर उसे आग लगा दी। इस दौरान सुरेन्द्र का बेटा उसे रोक रहा था। इसके बाद उसे जिला अस्पताल और अंततः भोपाल के अस्पताल रेफर किया गया। चार दिनों तक जीवन-मौत के बीच रहने के बाद गुरुवार तड़के उसकी मौत हो गई।

### धर्म को बचाने के लिए अपने पुत्र को भी शेर को डाल दिया था

ब्यावरा। शहर के गणेश मंदिर कृषि उपज गल्ला मंडी प्रांगण पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा में छठवें दिन पंडित सतीश नागर ने कथा में राजा मोरध्वज का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि जब भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन के साथ मिलकर राजा मोरध्वज की परीक्षा लेने के लिए उनके राज्य में पहुंचे। जहां उन्हें धर्म संकट में डालकर ऐसी कठिन परीक्षा ली जिसमें हर मानव के रोंगटे खड़े हो जाते हैं। भगवान कृष्ण ने ब्राह्मण और यमराज ने शहर का रूप धारण कर जब राजा मोरध्वज के राज में पहुंचे और वहां पुत्र में दान में मांगा तब पुत्र ने स्वयं आकर पिता से बोला कि जब आप अपने धर्म के लिए इतना कुछ करते हो तुम मेरी चिंता क्यों करते हो मुझे आप दान में दे दीजिए और शेर को डाल दीजिए तब राजा मोरध्वज और उसकी पत्नी ने मिलकर पुत्र को आरा चीर कर यमराज बने शेर के आगे डाल दिया।

# शिक्षकों के भुगतानों, समस्याओं को लेकर डीईओ ने जारी किया आदेश

## सभी डीडीओ को आदेश का पालन करने के दिए निर्देश




हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

जिले के शिक्षक संवर्ग से जुड़े कर्मचारियों के लिए अच्छी खबर है। विभिन्न शिक्षक संगठनों द्वारा क्रमोन्नति, समयमान वेतनमान, अनुकंपा प्रकरण सहित अन्य लंबित भुगतानों की मांग पर जिला शिक्षाधिकारी करण सिंह भिलाला ने जिले के समस्त ब्लॉक शिक्षाधिकारी एवं डीडीओ(आहरण संवितरण अधिकारी) को कार्यवाही करते हुए भुगतान सुनिश्चित करवाने के निर्देश प्रसारित किए हैं।

जारी आदेश के तहत सभी प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षकों की क्रमोन्नति, समयमान वेतनमान के प्रस्ताव बनाकर भेजने डीईओ कार्यालय भेजने का लेख है ताकि प्रस्तावों पर नियमानुसार कार्यवाही की जा सके। इसके साथ ही अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों के निराकरण एवं एनपीएस कटौत्रा की मिसिंग राशि का निराकरण कर मिसिंग क्रेडिट कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही शिक्षकों के समस्त प्रकार के बकाया भुगतान करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। जारी आदेश में उल्लेख है कि जिला कलेक्टर द्वारा स्वयं शिक्षकों से जुड़े उक्त मामलों एवं समस्याओं की मॉनिटरिंग की जा रही है। ऐसे में इस कार्य में कोताही न बरतते हुए अविलंब प्रकरण बनाकर भेजे जाएं।

### आदेश में अटेचमेंट निरस्ती का भी उल्लेख

पूर्व में जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय द्वारा सभी शिक्षकों के अटैचमेंट समाप्त कर उन्हें उनकी मूल संस्था में भेजने के आदेश जारी किए जा चुके हैं। इसके बावजूद न केवल राजगढ़ बल्कि समस्त ब्लॉकों में अनेकों शिक्षक मूल संस्था की बजाय अटैच स्थानों पर कार्य कर रहे हैं। जिला शिक्षाधिकारी ने पुनः स्मरण करवाया है कि अटेचमेंट संबंधी उक्त आदेश का अक्षरक्षः पालन करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए।

### जिंदगी और मौत की जंग जारी

# मासूम हुआ सर्पदंश का शिकार शिक्षकों ने की आर्थिक मदद



ब्यावरा। सरिया कुआं जन शिक्षा केंद्र के प्राथमिक विद्यालय सांदीपनि में कक्षा पहली में अध्यनरत छात्र को कक्षा में अध्यापन करते समय सांप द्वारा डंस लिया गया है जिनकी स्थिति बहुत ही नाजुक बनी हुई है जिसको निरोगधाम हॉस्पिटल अकलेरा में हॉस्पिटलाइज्ड किया गया है जो वेंटिलेटर पर है। संबंधित बच्चे के पारिवार की आर्थिक स्थिति बहुत ही कमजोर है इस हेतु सहयोग हेतु समस्त जन शिक्षक साथी और समस्त शिक्षक गणों तत्काल उसे आर्थिक सहायता पहुंचाई है। साथ ही गांव में लोगों ने भी मासूम बच्चे की सलामती के लिए हर संभव सहयोग देने का भरोसा दिया है साथ ही लगातार मंदिरों में दुआओं का दौर चल रहा है जिससे मासूम को बचाया जा सके।

### नगर में गणेशोत्सव की धूम

सुठालिया। बीते सप्ताह से शरू हुये गणेशोत्सव के तहत प्रथम पूज्य भगवान गणेश जी की नगर मे अनेको स्थानों पर आकर्षक व मनमोहक प्रतिमाओ की स्थापना की गई हे। गणेशोत्सव के दौरान नगर में करीब दर्जन भर से भी ज्यादा स्थानों पर पंडालो में विघ्नहर्ता भगवान गणेश जी की प्रतिमाये विभिन्न रूपो में विराजित हे जहां प्रतिदिन सायंकाल ढोल नगाड़ो के साथ आरती कर व प्रसादी वितरित की जा रही है।

### धर्माचार्य परसाई ने दी सात दिवसीय साधना की पूर्णाहुति, मांगी विशेष दक्षिणा

# सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण महायज्ञ संपन्न

## हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष एवं विधायक मोहन शर्मा ने जताया श्रद्धालुओं का आभार



हरिभूमि न्यूज ▶▶नरसिंहगढ़

नगर में स्टेडियम में नगर की हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में चल रहे सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक महायज्ञ का सात दिवसीय आयोजन पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुआ। सातों दिन हजारो श्रद्धालुओं ने प्रतिदिन 18 से 22 लाख तक शिवलिंग निर्माण कर आयोजन के सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग के निर्माण का लक्ष्य पूरा किया। पूज्य धर्माचार्य सोमेश परसाई ने विधिपूर्वक, मंत्रोच्चार के साथ रुद्राभिषेक सम्पन्न कराया। उन्होंने लोगो को धर्म, भक्ति व सामाजिक जागरण का संदेश दिया। उन्होंने प्रतिदिन श्रद्धालुओं से 'सच्ची दक्षिणा' मांगी। उन्होंने कहा कि भगवान केवल आडंबर से प्रसन्न नहीं होते, बल्कि कर्म और संकल्प से ही शिव कृपा प्राप्त होती है। वही उन्होंने पूजा में प्रदर्शन के बजाए दर्शन होने की बात कही।

इस भव्य धार्मिक आयोजन के पहले दिन उन्होंने श्रद्धालुओं को शिव आराधना हर घर में दीप प्रज्वलन का संकल्प दिलाया। वही अलग-अलग दिनों में उन्होंने पौधरोपण, पर्यावरण सुरक्षा, पवित्र नदियों को प्रदूषण मुक्त रखने, भ्रूण हत्या के पाप से बचने और दान धर्म की बात कही। अपने धार्मिक संदेशों में भी उन्होने स्वच्छता सहित गोपालन की बातों पर जोर दिया। इस आयोजन के दौरान निरंतर भजन, कीर्तन और प्रवचनों से नगर का वातावरण शिवमय बना रहा। अंतिम दिन हजारों श्रद्धालुओं ने सामूहिक रुद्राभिषेक कर भगवान भोलेनाथ से मंगलकामनाएं कीं।

### श्रद्धालुओं का जताया आभार

वही कार्यक्रम के अंत में आयोजक हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष विधायक मोहन शर्मा ने उपस्थित श्रद्धालुओं का कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने के लिये आभार जताया। उन्होंने सभी शासकीय विभागों, सामाजिक संस्थाओं, सभी अलग-अलग समितियां में लगे कार्यकर्ताओं का समय दान देने आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन क्षेत्र के जन कल्याण के लिए था जो हमेशा होता रहेगा। उन्होंने सभी से हाथ जोड़कर वंदना करते हुए कहा कि वह स्वयं जनता के सुख के लिए हमेशा ऐसे पुनीत कार्य करते रहेंगे।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के रिक्त पदों की पूर्ति के संबंध में होंगी बैठक

गुना। विकास विभाग जिला गुना द्वारा आयोजित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु जिला स्तरीय आपत्ति निराकरण समिति की बैठक पदेन अध्यक्ष मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गुना की अध्यक्षता में विभिन्न दिनांकों में परियोजनावार जिला पंचायत सभागार जिला गुना में आयोजित की जायेगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग गुना अब्दुल गफ्फार ने बताया कि परियोजना गुना शहर एवं परियोजना गुना ग्रामीण अंतर्गत दिनांक 08 सितम्बर को दोपहर 12 बजे, परियोजना बमोरी अंतर्गत 09, परियोजना आरोन अंतर्गत 10, परियोजना चांचौड़ा अंतर्गत 11 तथा परियोजना राघौगढ़ अंतर्गत 12 सितम्बर 2025 को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत सभागारगुना में जिला स्तरीय आपत्ति निराकरण समिति की बैठक का आयोजन किया जाएगा।

# हमूसलाधार बारिश होने से श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के रास्ते में भरा पानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

बुधवार को दोपहर बाद शुरू हुआ बारिश का सिलसिला रूक-रूककर देर रात तक जारी रहा। इस दौरान रात 8 बजे के बाद देर रात तक शहर में दो-तीन घंटे मूसलाधार बारिश हुई। भारी बारिश ने भुजरिया तालाब मंदिर के रास्ते एवं घरों में पानी भर गया श्रद्धालुओं की परेशानी को देखते हुए महंत श्री राघवेंद्र दास जी महाराज ने नाराजगी व्यक्त की है और मंदिर के मार्ग को सुगम बनाने के लिए जिम्मेदारों का कर्तव्य बोध याद दिलाया है। वहीं भारी बारिश के बीच निचली बस्तियों में एक बार फिर से पानी भरने के कारण लोगों की मुसीबतें बढ़ गई। बीजी रोड कालोनी में कई घरों में अंदर पानी भर गया। वहीं सड़कें घंटों पानी से लवालव भरी रहीं। वहीं बारिश के बीच अधिकांश नदी-नाले उफान पर आने से कई रास्ते ठप्प हुए। हालांकि सुबह बारिश नहीं हुई और धूप निकलने से लोगों को राहत मिली लेकिन नालों का पानी सड़कों से नीचे उतरने बहुत समय लगा।

### जिले में अब तक 1597.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज पिछले 24 घंटे में 107.8 मिमी वर्षा दर्ज

गुना। गुना जिले में 01 जून से अब तक 1597.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जो कि सामान्य वर्षा का 151.6 प्रतिशत है। जिले में गत वर्ष इसी अवधि में 1006.8 औसत वर्षा दर्ज की गई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 01 जून से 04 सितम्बर 2025 प्रातः 8:00 बजे तक जिले के वर्षामापी केन्द्र गुना में 1889.6 मिलीमीटर, बमौरी में 1632.4, आरोन में 1345.0, राघौगढ़ में 1506.0, चांचौड़ा में 1518.0, कुम्भराज में 1591.0 तथा वर्षा मापी केन्द्र मक्सूदनगढ़ में 1701.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में बीते 24 घंटे में 107.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस अवधि में वर्षा मापी केन्द्र गुना में 79.7 मिमी., बमोरी में 20.0 मिमी., आरोन में 115.0 मिमी., राघौगढ़ में 151.0 मिमी., चांचौड़ा में 88.0 मिमी., कुंभराज में 209.0 एवं वर्षामापी केन्द्र मक्सूदनगढ़ में 92.0 मिमी. वर्षा दर्ज की गई।

**खबर संक्षेप**

## प्रधानमंत्री ने किए वादे को पूरा किया: विधायक गोपालसिंह इंजीनियर



**आष्टा।** विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने जीएसटी काउंसिल द्वारा टैक्स स्लैब में किए गए बदलाव का स्वागत किया है। जनहितैषी निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का विधायक ने आभार व्यक्त किया है। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा है कि केंद्र सरकार के इस निर्णय का लाभ देश की 90 प्रतिशत आबादी करीब सवा सौ करोड़ लोगों के साथ गरीब, युवा, किसान और महिलाओं समेत हर वर्ग को मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जीएसटी स्लैब में बदलाव के ऐतिहासिक फैसले से देश आर्थिक रूप से और सशक्त बनेगा। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से देश को संबोधित करते हुए कर ढांचे को बेहतर बनाने की बात कही थी और जीएसटी स्लैब में किया गया बदलाव इसी दिशा में एक बड़ा कदम है। तत्कालीन वित मंत्री अरूण जेटली ने बिल्कुल स्पष्ट कर दिया था कि आंकलन करने के बाद जनता और व्यापारियों को सहूलियत देने के लिए समय समय पर जीएसटी में सुधार होंगे। उन्होंने कहा कि कोविड के अर्थव्यवस्था पर प्रभाव के कारण इसमें देरी हुई, लेकिन सुधार योजना के अनुसार हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने देश की बड़ी आबादी के हित में, गरीब, युवा, किसान और महिलाओं समेत हर वर्ग को लाभ पहुंचाने के लिए जीएसटी दरों को 4 की जगह सिर्फ 2 स्लैब में समाहित करने का निर्णय लिया है, जो अत्यंत सराहनीय और महत्वपूर्ण कदम है। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा कि जीएसटी के ढांचे में जो बदलाव हुआ है, उसका लाभ किसी न किसी रूप में समाज के हर वर्ग को मिलने वाला है। इससे लोगों को राहत मिलेगी।

### सालों पुरानी परंपरा जीवित रखे हुए शहर के गणेश मंडलों के कलाकार

# आष्टा के कलाकारों के हाथों से बनी हुई झिलमिल झांकियां भोपाल में भी हैं मशहूर





### झांकियों का गौरवशाली इतिहास है, देर रात तक चलता है झांकियों का कारवां।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

35 वर्षों से आष्टा में अनंत चतुर्दशी पर स्थानीय कलाकारों द्वारा हाथों से बनाई जाने वाली झांकियों की परंपरा का गौरवशाली इतिहास रहा है और यह के स्थानीय कलाकारों द्वारा अपने हाथों से बनाई जाने वाली झांकियां को भोपाल तक पहुंचती है जिससे यह के कलाकारों की तारीफ भोपाल तक होती है। आपको बता दें 35 वर्षों से आष्टा में अनंत चतुर्दशी पर निकलने वाले चल समारोह में स्थानीय कलाकारों द्वारा हाथों से बनाई हुई झांकियों का प्रदर्शन होता है जिसे दूर दराज के गांवों सहित आसपास के शहर भोपाल, सीहोर, शुजालपुर तक लोग रात भर चलने वाली झाकियों को देखने आते हैं जो आष्टा के गौरव शाली इतिहास की कहानी को बयां करता है।

आपको बता दें की आष्टा में एक दर्जन से ज्यादा हस्त चलित झांकियों का प्रदर्शन होता है और यह के कलाकार अपनी कला से भोपाल तक तारीफ बटोरते है जिसमें प्रमुख रूप से बीते 35 वर्षों से बुधवारा ग्रुप, नवरत्न गजानंद मंडल, श्री राम बजरंग मंडल, नवदीप गजानंद मंडल जैसे वर्षों पुराने मंडल अनंत चतुर्दशी की परम्परा को निभाते आ रहे हैं और इन मंडलों के स्थानीय कलाकारों की कई दिनों की मेहनत से यह झाकियां बनकर तैयार होती है।



### 35 साल से हिंदू, मुस्लिम मिलकर बनाते हैं झांकी

35 वर्षों से झांकियां बनाने की परम्परा निभा रहा शहर का चर्चित बुधवारा ग्रुप के सबसे सीनियर सदस्य राजू चौरसिया बताते हैं की हमारे यह 35 वर्षो से हाथों से झांकियां बनाई जाती है जिसमें मुस्लिम समुदाय के अमजद पठान, पप्पू सीट कवर तक अध्यक्ष रह चुके हैं हमारे मंडल में मुस्लिम समाज के काजिम मियां, फैजान जैसे कलाकार है। यह हिंदू मुस्लिम कलाकार साथ मिलकर अपनी रात दिन की मेहनत, हुनर से झांकियां बनाकर भाई चारे और एकता का संदेश भी देते हैं राजू चौरसिया आगे बताते हैं की हर वर्ष आकर्षण केंद्र रहने वाला बुधवारा ग्रुप इस बार नरसिंह अवतार हिरणाकश्यप वध की झांकी का प्रदर्शन करने वाला है। बुधवारा ग्रुप में संतोष सोनी, ज्ञान सिंह मेवाड़ा, मनोज टेलर, जिम्मी राठौर,चंकी जैन, अंशुल राठौर, मानव सेन, ऋतिक जैन,पीयूष राठौर, मोनू खत्री, अमजद पठान, अभिषेक राठौर, नीरज पेंटर, सुमित चौरासिया, बोनी जैन,मोहित चौरसिया जैसे कलाकारों की अहम भूमिका रहती है।

### नवरत्न गजानंद मंडल की झांकी रहती है आकर्षण का केंद्र

पिछले 35 वर्षो से शहर सहित ग्रामीणों को अपनी झांकियों से आकर्षण का केंद्र बिंदु बनने वाला शहर का प्रसिद्ध नवरत्न गजानंद इस बार भी दो झांकियों का प्रदर्शन करने वाला है मंडल के सदस्य रवि कुशवाह बताते है की हमारे मंडल की झांकियां देश सहित समाज में प्रेरणा दायक संदेश देती है की हमारे कलाकार रात दिन मेहनत कर झांकियां बनाते हैं और डेढ़ माह से इसकी तैयारियां शुरू कर देते हैं जो समाज में प्रेरणा दायक होती है हम पिछले 35 वर्षो से दो झाकियां बनाने की परंपरा निभा रहे हैं जिसमें युवा कलाकारों की अहम भूमिका रहती है।

### शहर का और कलाकारों का होता है नाम रोशन


नवदीप गजानंद मंडल भी 20 वर्षो से आष्टा के अनंत चतुर्दशी चल समारोह में अपनी झांकियों का प्रदर्शन करता आ रहा है यह नवदीप गजानंद भी अपने कलाकारों की कला के चलते अच्छी खासी पहचान बना चुका है और 20 वर्षों से एक से बढ़कर एक झांकी बना रहा है इस मंडल के सदस्य सुरेश कुशवाह, नरेंद्र कुशवाहा बताते हैं की हमारे मंडल के कलाकारों द्वारा हाथों से झाकियां बनाई जाती है जो अनंत चतुर्दशी के जुलूस में निकलने के बाद भोपाल तक पहुंचती है और वह शहर सहित हमारे कलाकारों का नाम भोपाल तक रोशन होता है इसलिए हम झांकियों को बहुत महत्व देते हैं और डेढ़ महीने की लंबी मेहनत के बाद यह झाकियां तैयार होती है जिसमें शहर के नागरिकों को अहम योगदान रहता है।

### इस बार ऑपरेशन सिंदूर का झांकी में होगा प्रदर्शन

अनंत चतुर्दशी चल समारोह में निकलने वाली झांकियों की परंपरा की शुरुआत करने वाला श्री राम बजरंग मंडल शहर का सबसे पुराना मंडल बताया है जाता है इस मंडल की बागड़ोर शहर के वरिष्ठ समाजसेवी शेषनारायण मुकाती के हाथों में है जिनकी छत्र छाया में इस मंडल के युवा कलाकार एक से बढ़कर एक झांकियों का प्रदर्शन करते आए हैं और श्री राम बजरंग मंडल इस बार देश की सेना के पराक्रम ऑपरेशन सिंदूर की झांकी प्रदर्शन करने वाला है जो आकर्षण का केंद्र बन सकता है इस मंडल में वरिष्ठ समाजसेवी शेषनारायण मुकाती, शिवनारायण मेवाड़ा,दिलीप मेवाड़ा, तेज सिंह पाटीदार, अध्यक्ष सुनील मेवाडा, आशीष खत्री, दीपक राठौड़, शुभम खत्री, राज खत्री, तरुण राठौर, देवेंद्र सेन सहित कई कलाकार अपनी भूमिका निभाते है।

## आज अनंत चतुर्दशी पर निकलेगा चल समारोह

### गणेश प्रतिमाओं का होगा विसर्जन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

दस दिवसीय गणेश उत्सव के समापन अवसर पर विट्ठल ग्रुप गांधी चौक द्वारा गणेश विसर्जन समारोह 2 बजे गांधी चौक से प्रारंभ होकर परंपरागत जुलूस मार्ग होते हुए विसर्जन स्थल सिंगन जावर जोड़ पर पहुंचेगा। जहां पर आरती के पश्चात विसर्जन किया जाएगा। सभी धर्म प्रेमी बंधुओं से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में आकर चल समारोह में सम्मिलित होने की कृपा करें यह जानकारी समिति के अध्यक्ष विजेंद्र सेन, नाना लक्ष्यकर, नितिन पांचाल, आयुष्मान ठाकुर, सत्यम सेन, कालू महेश्वरी, पट्टू भरेवा, प्रवीण परिहार, कृष्णपाल, महेंद्र भगवान ,राघवेंद्र ठाकुर, राहुल सेन, रोहित सेन, लाला ठाकुर, सोबाल सिंह, गोलू श्रीवास्तव, शिवेंद्र ठाकुर, राहुल वर्मा आदि ने मिलकर लोगों से अपील की अधिक से अधिक संख्या में आकर चल समारोह में सम्मिलित होने का कष्ट करें।

### सप्तशक्ति संगम के लिए सरस्वती विद्या मंदिर में जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित



**सीहोर।** सरस्वती विद्या मंदिर सीहोर में सप्तशक्ति संगम की तैयारी के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यशाला का शुभारम्भ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर इस कार्यक्रम की प्रांत संयोजक नीता गोस्वामी ने कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में जिले की मातृ शक्ति ने भागीदारी निभाई। संगम को सफल बनाने हेतु आवश्यक तैयारियों पर विचार-विमर्श किया। इस कार्यक्रम में राजगढ़ विभाग के विभाग समन्वयक गुरु चरण की गौड़ सरस्वती ज्ञान दायिनी विद्या मंडल समिति के सचिव अनिल पालीवाल श्रीमती शोभा चांडक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में संस्था प्रधान जगन्नाथ सुहागपुरे ने आभार व्यक्त किया।

# मार्टिनेट स्कूल में उत्साह से मनाया शिक्षक दिवस का समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



अंगुली पकड़कर हर एक अक्षर तक ले जाता है। वो शिक्षक ही है जो शून्य से शिखर तक ले जाता है।" शिक्षक किसी भी राष्ट्र की रीढ़ होते है क्योकि वे ही उन नौनिहालो को तैयार करते है जो किसी भी राष्ट्र का भविष्य होते हैं। इसलिये शिक्षक समाज का एक अत्यंत महत्वपूर्ण अंग है और भारत के पहले राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन इस बात को अच्छी तरह जानते थे क्योकि वे भी स्वयं एक शिक्षक थे इसलिये उन्होने अपने जन्मदिवस को शिक्षक दिवस का नाम दिया जो देशभर मे शिक्षकों के सम्मान मे मनाया जाता है।

इसी तारतम्य मे नगर के अलीपुर क्षेत्र के मार्टिनेट कान्वेन्ट हॉयर सैकेण्ड्री स्कूल मे भी शिक्षक दिवस समारोह बड़े ही उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया। विद्यालय के केबीनेट के विद्यार्थियों ने इस आयोजन की रूपरेखा तैयार की थी जिसे विद्यालय प्रांगण मे मूर्त रूप देते हुये भव्य आयोजन का रूप मे सम्पन्न किया गया। आयोजन मे सर्वप्रथम विद्यालय की प्रबंधन टीम संचालक नोशे खान, प्रबंधक विनीत कुमार त्रिवेदी, प्राचार्या प्रीति त्रिवेदी, एकेडमिक इंचार्ज अतुल जैन सुराणा, शिखा तिवारी, वित्तीय प्रभारी रेखा शर्मा, कम्पयूटर प्रबंधक कुशल भूतिया द्वारा मॉ सरस्वती की प्रतिमा एवं डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण और उनके समक्ष दीप प्रज्जवलन करके आयोजन का शुभारंभ किया गया। विद्यालय के संगीत कक्षा के विद्यार्थियों ने सस्वर मॉ सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की इसके पश्चात छात्राओं द्वारा स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया। और शिक्षक/शिक्षिकाओं का सम्मान समारोह आरंभ हुआ। प्रत्येक शिक्षक/शिक्षिका को सम्मान के साथ मंच पर आमंत्रित करके पुष्प माला के साथ तिलक लगाकर और एक आकर्षक उपहार द्वारा उनका सम्मान किया गया इस अवसर पर शिक्षक/शिक्षिकाओं के लिये विद्यालय मे कुछ समय पहले सामान्य ज्ञान की प्रतियोगिता भी आयोजित की गई थी इसके प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विजेताओ को भी ट्राफी प्रदान की गई। इसके पश्चात अपने उद्बोधन मे प्रबंधक विनीत कुमार त्रिवेदी ने सभी को मार्गदर्शन दिया। विद्यालय की ही छात्रा नियति तिवारी और निधी सांवरिया द्वारा आयोजन का सफल संचालन किया गया।

समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं की ओर से अतुल जैन सुरणा ने विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाए जुनेद अंसारी, प्रांजल गुठानिया, सोनिका परमार, ललिता नामदेव, सोनिका सोनी, रागिनी नामदेव, रानू गुर्जर, सविता ठाकुर, सोनू सिसोदिया, रीना जावारिया, किरण मंडलोई, वैष्णवी बैरागी, संजना मीणा, साक्षी अजनोदिया, शर्मिला जायसवाल, उमा मेवाड़ा, अनहा शेख, रागिनी मेवाड़ा, मुस्कान वर्मा, सरिता ठाकुर, सुल्ताना अली, रचना ठाकुर, तमन्ना वर्मा, सोनू भूतिया, सलोनी बिल्लौरे, प्रियंका ठाकुर, शुभी जैन, ममता ठाकुर, उर्मिला जायसवाल, सिमरन प्रजापति, सुष्मिता कालेलकर, ज्योति सिसोदिया, अंकिता राठौर, जी डी बैरागी, पंकज ठाकुर, मनीष चौरसिया, कृष्णपाल ठाकुर, अशोक महेश्वरी, हेमंत पांडे, अंश अड़गले चिराग सोनी राजेश बड़ोदिया व शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही।

# डॉक्टर ने जटिल ऑपरेशन कर बचाई दो की जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा





डॉक्टर को धरती का भगवान यूं ही नहीं कहा जाता है। उनका समर्पण और जान बचाने की जिद कभी-कभी असंभव को संभव कर देती है। ऐसा ही कुछ शहर के प्रसिद्ध आयुष्मान हॉस्पिटल में देखने को मिला। जहां डॉक्टर और स्टाफ के प्रयास से दो जिंदगी बचाई गईं।

शहर के प्रतिष्ठित प्रायवेट आयुष्मान हॉस्पिटल की संचालक और महिला प्रसूति विशेषज्ञ डॉक्टर रोहिणी भार्गव खान ने जानकारी देते हुए बताया की 31 अगस्त को आष्टा के ग्राम लखमीपुर निवासी गर्भवती मरीज शोभा पति विनोद उम्र 30 वर्ष हॉस्पिटल में गंभीर स्थिति भर्ती हुई। जहां मरीज का परीक्षण करके बताया गया कि लगभग दो माह की गर्भ है। दो बच्चे हैं एक बच्चा बच्चेदानी मे है, जबकि दूसरा बच्चा ट्यूब मे फसा हुआ है। जांच में पाया गया था की ट्यूब फट चुकी है। जिसके कारण मरीज को आतंरिक रक्तश्राव ज्यादा हो गया था। जिससे मरीज की स्थिति गम्भीर हो गई थी। जिसके कारण मरीज की जान का खतरा था। ऐसे में डॉ रोहिणी भार्गव खान द्वारा तुरंत जटिल ऑपरेशन करके एक ट्यूब का ऑपरेशन करके निकाल दिया एवं दूसरा बच्चा बच्चेदानी में सुरक्षित बचा लिया गया। जिससे अब गर्भवती महिला भी पूर्ण रूप से सुरक्षित है। इस दौरान जटिल आपरेशन के लिये आयुष्मान हास्पिटल के स्टाफ व डां रोहिणी भार्गव खान एवं निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ आकांक्षा विकरोल की अहम भूमिका रही। वही इस विषय पर गर्भवती महिला के पति विनोद यादव ने बताया की हमने आयुष्मान हॉस्पिटल में भर्ती किया था। जब मेरी पत्नी की हालत गंभीर थी वही ट्यूब फटने के कारण रक्त बहुत बह था। जिसके कारण जान का खतरा बना हुआ था। लेकिन आयुष्मान हॉस्पिटल के डॉक्टर और स्टाफ की मेहनत से आज मेरी गर्भवती पत्नी और एक बच्चा गर्भ में सुरक्षित है।

### महिदपुर रोड से निकली एक दिवसीय संयम वंदन यात्रा

# गुरु भगवंतो के दर्शन वंदन कर भक्तों ने लिया धर्म लाभ





हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

महिदपुर रोड स्थानीय सुविधि नाथ जैन मंदिर से जैन श्री संघ महिदपुर रोड द्वारा एक दिवसीय संयम वंदन यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें नागदा, खाचरोद, रतलाम, जावरा, सेमलिया अष्टा पद तीर्थ हाटपिपलिया आदि नगरों की यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें नागदा नगर में विराजित मुनि भगवत प्रत्यक्षरत्न विजय, पवित्र रत्न विजय मसा, खाचरोद में विराजित साध्वी सुपार्श्वनिधि मसा, रतलाम नगर में विराजित पूज्य साध्वी शाश्वत प्रिया श्रीजी म,सा जावरा नगर में विराजित परम पूज्य साध्वी अमृतरसा श्री जी म सा आदि ठाणा के मंगलकारी दर्शन वंदन एवं जिनवाणी का श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया साथ ही अतिप्राचीन शांतिनाथ भगवान का श्री सेमलिया महातीर्थ औश्र अष्टापद तीर्थ की चरण स्पर्शना महिदपुर रोड श्री संघ के सभी सदस्यों करके अपने मनुष्य अवतार को सफल किया।

इस मंगलकारी यात्रा का लाभ लाभार्थी मनोज कुमार, रमेश चंद बोथरा, अरविंद कुमार, प्रकाश चंद्र बरडिंया, सचिन कुमार कोमलचंद भंडारी, अलका जितेंद्र कुमार कोचर,राजेश कुमार, बाबूलाल बोथरा, जैन श्री संघ अध्यक्ष अजय कुमार, भेरूलाल चोरड़िया, सचिन, सुरेश चंद भंडारी, समरथमल कन्हैयालाल चौरडिया परिवार एवं दो गुप्त लाभार्थी परिवार परिवार द्वारा यात्रा का लाभ लिया गया।

जैन श्रीसंघ के सभी सदस्यों ने यात्रा में सम्मिलित होकर खूब आनंद हर्ष और उल्लास के साथ इस धार्मिक यात्रा को संपन्न किया जैन समाज की मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने यात्रा की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि श्री संघ अध्यक्ष अजय चौरडिया ,नवयुवक परिषद अध्यक्ष अरविंद बरडिंया, महिला परिषद अध्यक्ष अलका जितेंद्र कोचर का यात्रा के यात्रा के दौरान नागदा, खाचरोद ,रतलाम जावरा के श्री संघो द्वारा स्वागत बहुमान सत्कार किया गया।

यात्रा के सभी सदस्यों ने संयम वंदन यात्रा में नागदा, खाचरोद, जावरा रतलाम में विराजित गुरु भगवंतो एवं साध्वी भगवंतो का मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया एवं जिनवाणी को श्रवण कर धर्म लाभ प्राप्त किया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## अखिल भारतीय बलाई महासंघ ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

जावर तहसीलदार ओमप्रकाश चोरमा को ज्ञापन सौंप बताया कि महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार को पिछले कुछ दिनों से लगातार जान से मारने की धमकियाँ मिल रही हैं। स्थिति गंभीर और चिंताजनक है। संगठन ने मांग की है कि मनोज परमार को शीघ्र उचित सुरक्षा प्रदान की जाए। धमकियों की जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। महासंघ पदाधिकारियों ने कहा कि इस तरह की घटनाओं से समाज के लोगों में भय का वातावरण बन रहा है, जिसे समाप्त करना आवश्यक है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई तो संगठन व्यापक स्तर पर आंदोलन करने को बाध्य होगा।

इस अवसर पर जिले के जावर तहसील से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे और एकजुट होकर नारे लगाते हुए अपनी मांगें रखीं। पूर्व जिला अध्यक्ष जयंत उज्जैनिया मालवीय, अंकुर ठाकुर करणी सेना विधानसभा अध्यक्ष, गोविन्द मालवीय, अलकेश मालवीय, कुमेर मालवीय, गुरु, समीर राठौर, पिंटू, निखिल, महिपाल, गोलू, मौशम मालवीय, सचिन, दुर्गेश मालवीय, विकाश, अमन, अमित, अभय, एवं अखिल भारतीय बलाई महासंघ जिला सीहोर इकाई जावर के कार्यकर्ता उपस्थित थे।